UP Board Solutions for Class 8 Civics Chapter 5 दिव्यांगता – कारण एवं बचाव

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए|
(क) दिव्यांगों के प्रति हमारा क्या दायित्व है?
उत्तर
दिव्यांगों के प्रति हमारा दायित्व है कि हम उन्हें स्वतन्त्र तथा आत्म-निर्भर जीवन व्यतीत करने में उनकी मदद करें।

(ख) दिव्यांगता के कारणों पर प्रकाश डालिए।
उत्तर
दिव्यांगता के निम्नलिखित कारण हैं-

1. जन्मजात दिव्यांगता का कारण आनुवंशिकी, गर्भस्थ माता को सन्तुलित भोजन न मिलना व कुपोषण।
2. प्राकृतिक आपदाएँ जैसे-चक्रवात, भूकम्प, बाढ़, आँधी।।
3. आपसी, साम्प्रदायिक झगड़े।
4. सड़क-रेल दुर्घटनाएँ।।
5. युद्ध जनित विकलांगता।
6. यातायात सम्बन्धी असावधानी तथा सड़क नियमों की अनभिज्ञता।
7. यन्त्रों व मशीनों का कुशल संचालन न करना।

(ग) दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा मिलने वाली प्रमुख सुविधाओं के बारे में लिखिए।
उत्तर
सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में दिव्यांगजनों को विविध सुविधाएं दी जा रही हैं-

1. सार्वजनिक भवनों जैसे– विद्यालय, बैंक, पार्क आदि में रैम्प की व्यवस्था।
2. लिफ्ट में ब्रेल संकेतक और श्रव्य सिग्नल की व्यवस्था।
3. शिक्षा एवं नौकरी में विशेष सुविधाएँ।
4. सरकार द्वारा व्हील चेयर, कान की मशीन आदि उपकरणों का मुफ्त वितरण।
5. रेलवे, बस-अड्डे, एयरपोर्ट पर विशेष सुविधाएँ जैसे- रैम्प, व्हील चेयर एवं सुगम शौचालय।

प्रश्न 2.
निम्नलिखित में सही (✓) तथा गलत (✗) का निशान लगाइए-
उत्तर

(क) स्टीफेन हॉकिंग एक प्रसिद्ध सितारवादक हैं। (✗)
(ख) दिव्यांगजनों के साथ समानता तथा सम्मान का व्यवहार करना चाहिए। (✓)
(ग) सुगम्य भारत अभियान दिव्यांगों के लिए चलाई गई योजना है। (✓)